बिहार सरकार
खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

पत्रांक-प्र06-रा0कू0मुद्रण-03/10 4099 /खाद्य,पटना/दिनांक 17.5.2011

प्रेषक,

कृष्ण चन्द्र झा,
सरकार के अपर सचिव ।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी ।

विषय :- राशन एवं किरासन कूपन वितरण के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वर्ष 2011-12 के लिए प्रत्येक प्रखंड में कूपन वितरण हेतु तिथि एवं स्थल का रोस्टर की सूची एवं इसकी प्रति स्थानीय जन प्रतिनिधियों, माननीय सांसद, स0वि0स0 को उपलब्ध कराने हेतु विभागीय पत्र संख्या- 3077 दिनांक- 10.05.2011 द्वारा सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को स्मारित किया गया है एवं इस पत्र की प्रति आपको भी उपलब्ध करायी गई है । अभी तक जिलों से कूपन वितरण कार्यक्रम संबंधी रोस्टर एवं वांछित सूचना विभाग को प्राप्त नहीं हुआ है ।

ज्ञातव्य है कि जन वितरण प्रणाली के अन्तर्गत चिन्हित परिवारों को निर्धारित दर एवं मात्रा में खाद्यान्न एवं किरासन तेल की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु राज्य में राशन एवं किरासन कूपन योजना लागू है । इसके अन्तर्गत उक्त परिवारों को माह जून, 2011 से नये कूपन के आधार पर ही खाद्यान्न एवं किरासन तेल की आपूर्ति की जानी है । इसके लिए माह मई, 2011 के अन्तिम सप्ताह तक पूर्ण रूप से कूपनों का वितरण कर लेने का दिशा निदेश विभागीय पत्र संख्या- 2401 दिनांक- 04.04.2011 द्वारा सभी जिलों को दी जा चुकी है । इसके बावजूद कूपन वितरण कार्यक्रम संबंधी रोस्टर प्राप्त नहीं होना गंभीर चिन्ता का विषय है ।

कूपन वितरण कार्यक्रम में किसी प्रकार की अनियमितता की संभावना को रोकने तथा परदर्शिता लाने के लिए अनुमंडल पदाधिकारियों के गहन पर्यवेक्षण में ही कूपन वितरण कराया जाना है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अनियमितताओं की संभावना को नगण्य करने के उद्वेश्य से जिला स्तर पर निगरानी के लिए एक उडनदस्ता दल का भी गठन किया जाना श्रेयस्कर होगा जो कूपन वितरण के किसी समय एवं स्थल पर औचक रूप से जाँच कर सकते हैं । इस उडनदस्ता दल के साथ एक विडियोग्राफर को भी रखा जाय जो कूपन वितरण गतिविधि का विडियो तैयार करेंगे ताकि इसकी मॅानेटरिंग किया जा सके ।

अतः अनुरोध है कि कूपन वितरण कार्यक्रम संबंधी रोस्टर की समेकित विवरणी तथा इस रोस्टर की प्रति स्थानीय जन प्रतिनिधियों, माननीय सांसद, स0वि0स0 को उपलब्ध कराने संबंधी सूचना अविलम्ब विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय ।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाय ।

विश्वासभाजन

17/5/11

सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक-प्र06-रा0कू0मुद्रण-03/10 4099 /खाद्य,पटना/दिनांक 17.5.2011

प्रतिलिपि- सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अनुरोध है कि वांछित सूची एवं सूचना अविलम्ब विभाग को उपलब्ध कराया जाय ।

17/5/11

सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक-प्र06-रा0कू0मुद्रण-03/10 4099 /खाद्य,पटना/दिनांक 17.5.2011

प्रतिलिपि- माननीय मंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित ।

17/5/11

सरकार के अपर सचिव ।